**Extension Lecture on "Tally Awareness" on 21.10.2022**

मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहबाद मारकंडा के सभागार में कैरियर गाइडेंस प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में टैली सॉफ्टवेयर विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर टैल्ली सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरू के पंजाब एवं हरियाणा के क्षेत्रीय इंचार्ज श्री विजय कुमार ने सूचना तकनीकी के बढ़ते हुए महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज उद्योग में  जॉब की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है  कि अपने आप को रोजगार के लिए योग्य बनाने के लिए निपुणता विकसित करने की। सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में लेखांकन व वित्त का कार्य तकनीकी सहायता से ही किया जाने लगा है जिसके लिए टैली जैसे सॉफ्टवेयर की आवश्यकता पड़ती है। प्राचार्य डॉ अशोक चौधरी ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज के युवाओं को अपनी पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा में भी सक्षम होना होगा, तभी वह अपने आप को आज के व्यवसायिक वातावरण के अनुकूल समायोजित कर पाएंगे। कालेज के कैरियर मार्गदर्शन व प्लेसमेंट सेल के सह संयोजक सुरेंद्र काजल ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया। आज के संदर्भ में व्याख्यान को सारगर्भित बताया और सेल के संयोजक डा.अजय अरोड़ा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन डॉक्टर दिव्या ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थी व प्राध्यापक भी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रुप से प्रो. मंजू गुप्ता, प्रो. संजय कुमार, प्रो.कल्पना पुनिया, डॉ भूपेंद्र सिंह, डॉ चूहड़ सिंह, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. तरुण कंसल, डॉ. अमित कुमार व अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे |

MARKANDA NATIONAL COLLEGE
SHAHABAD MARKANDA
Welcomes You !

MARKANDA NATIONAL COLLEGE
SHAHABAD MARKANDA
Welcomes You !

**Program on "Tally Awareness" on 21.10.2022**